151

बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि0,

"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2, पटना 800001

पत्रांक- 3767 दिनांक- 16/4/18

संविदा पर कनीय अभियंता की आवश्यकता

बिहार राज्य खाद्य निगम के प्रशासनिक सरंचना के पुर्नगठन के फलस्वरूप राज्य सरकार,केन्द्र सरकार,राज्य/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों/निगम/बोर्डो/ निकायों के कनीय अभियंता के पद से सेवा निवृत पदाधिकारी को संविदा पर नियोजन हेतु योग्य, स्वच्छ छवि वाले एवं शारीरिक रूप से कर्तव्यों के निर्वहन में सक्षम,अनुभवी,पदाधिकारी से आवेदन पत्र में निर्धारित अर्हता/शर्ते(जो निगम बेवसाईट पर उपलब्ध है) पर दिनांक 07.05.18 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उक्त नियोजन के लिए आदर्श रोस्टर के अनुसार रिक्त पदों पर 11(ग्यारह) माह के लिए संविदा पर नियुक्ति की जायेगी तथा उनका कार्यकलाप संतोषजनक पाये जाने पर उनकी संविदा अवधि विस्तार पर विचार किया जायेगा।

कनीय अभियंता पद

1. आवेदक अपना आवेदन पत्र दिनांक 7.05.18 तक निश्चित रूप से प्रबंध निदेशक,बिहार स्टेट फुड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,'खाद्य भवन' दारोगा राय पथ,आर ब्लॉक,रोड नं.2,पटना 800001 के कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. संविदा पर नियोजन की शर्ते,आवेदन प्रपत्र,अभ्यर्थियों द्वारा **Website-sfc.bihar.gov.in** तथा किसी भी कार्य दिवस को निगम मुख्यालय(खाद्य भवन)आर0ब्लॉक,रोड नं02,पटना के प्रशासन शाखा में देखा जा सकता है।

प्रबंध निदेशक के आदेश से।

16.4.18

उप महाप्रबंधक, प्रशासन

संविदा पर नियोजन की अहर्त्ता एवं शर्तें निम्नवत होगीः-

1. विज्ञापन की अंतिम तिथि को आयु 64वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. इनका मानदेय सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं0 10000 दिनांक 10.7.15 के आलोक में भुगतेय होगा।
3. संविदा पर नियोजन करते समय सरकार के आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।
4. चयन समिति आवश्यकतानुसार कांउसिंलिंग कर अपनी अनुशंसा देगी।
5. उल्लिखित पद पर संविदा पर नियोजन प्रथम चरण में ग्यारह माह के लिए होगी तथा आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जायेगा। कार्यकलाप संतोषप्रद नहीं रहने अथवा क्षति/गबन पाये जाने पर इन्हें कोई बगैर सूचना के कार्य मुक्त कर दिया जायेगा।
6. चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर नियोजन एवं पदस्थापन आदेश राज्य खाद्य निगम के द्वारा निर्गत किया जायेगा।
7. संविदा पर नियोजित व्यक्ति द्वारा विहित प्रपत्र में एकरारनामा सम्पन्न किया जायेगा।
8. संविदा की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति पुर्नियोजन नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उसका अनुबंध स्वतः समाप्त माना जायेगा।
9. उल्लिखित पद के लिए इच्छुक पदाधिकारी संलग्न विहित प्रपत्र में अपनी योग्यता,पूर्व धारित पदों का विवरण सहित स्वयं अथवा निबंधित डाक से अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट फुड एवं सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,'खाद्य भवन'दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक रोड नं0 2,पटना-800001 के पते पर भेजें।
10. आवेदक के विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो।
11. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हो।
12. पदाधिकारी अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षणिक योग्यता, स्वच्छता प्रमाण पत्र/पेंशन पेपर एवं अपराधिक मामला,गबन अनाचार-कदाचार के संबंध में नोटरी पब्लिक/कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपथ पत्र समर्पित करना होगा।
13. इनके द्वारा की गयी क्षति/गबन की राशि की वसूली उनके वेतन/मानदेय से की जायेगी एवं वेतन/मानदेय से वसूली संभव नहीं होने की स्थिति में बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के अधीन या निगम के प्रावधानों के तहत क्षति/गबन की वसूली संबंधित उनके चल/अचल संपत्ति से की जायेगी।

क्र0	पद	स्वीकृत पद	वेतनमान	वांछित योग्यता	रिक्त
1	कनीय अभियंता	8	ग्रेड पे-4200 (अपुनरीक्षित)	केन्द्र सरकार/राज्य एवं केन्द्र के विभिन्न निगम बोर्ड आदि से कनीय अभियंता के पद से सेवा निवृत।	8

8.4.18

उप महाप्रबंधक,प्रशासन

16/04/18

आवेदन प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम–

2. आवेदक का नाम–

3. पिता का नाम–

4. स्थाई पता–

Paste in photograph

5. वर्तमान पता–

6. पद एवं विभाग का नाम तथा पता–
(अभिप्रमाणित साक्ष्य संलग्न करें)

7. जन्मतिथि(प्रमाण पत्र के साथ)

8. शैक्षणिक योग्यता–
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9. आवेदित पद के अनुरूप योग्यता–

10. अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई अपराधिक वाद/निगरानी वाद/विभागीय कार्रवाई लंबित है अथवा नहीं।

11. आरक्षण कोटि–
(सक्षम प्राधिकार के स्तर से प्रमाण पत्र संलग्न)

12. दूरभाष/मोबाईल नम्बर–

तिथिः–

स्थान :–

हस्ताक्षर

16.4.18